भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
21.09.2020 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1657 का उत्तर

ठहरावों को समाप्त करना

1657. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवालः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में विशेषकर बिहार सहित राज्य-वार कितने रेलवे स्टेशनों/ठहरावों/रेलगाड़ियों को बंद करने का प्रस्ताव है और इससे संबंधित कारण क्या हैं;

(ख) क्या सरकार ने बंद किए जाने वाले प्रस्तावित रेलवे स्टेशनों और रेलगाड़ियों से लाभान्वित होने वाले लोगों को सेवाएं प्रदान करने के लिए कोई वैकल्पिक योजना तैयार की है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) भारतीय रेल पर समय-सारणी को युक्तिसंगत बनाना एक सतत प्रक्रिया है और इस दिशा में भारतीय रेल ने जीरो आधारित समय-सारणी संबंधी नवीन शुरुआत की है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ वैज्ञानिक सिद्धांतों के आधार पर गाड़ियों का समय निर्धारण, अनुरक्षण के लिए पर्याप्त कॉरिडोर ब्लॉक सुनिश्चित करना, माल यातायात गलियारों की व्यवस्था करके थ्रूपुट बढ़ाना, समयपालन में सुधार, चल स्टॉक के उपयोग में सुधार और यात्रियों को आरामदायक और कारगर सेवाएं उपलब्ध कराना शामिल है। इस पहल में, अन्य बातों के साथ-साथ मांग, यात्रियों के लिए उपयोगिता और वाणिज्यिक अर्थक्षमता को ध्यान में रखते हुए गाड़ियों के ठहरावों को युक्तिसंगत बनाना भी शामिल है। कोविड-19 वैश्विक महामारी को फैलने से रोकने के लिए, भारतीय रेलों ने 23 मार्च, 2020 से नियमित समय-सारणी वाली सभी यात्री गाड़ियों को रद्द कर दिया है। फिलहाल, राज्य सरकारों की चिंता व सुझावों को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेलों द्वारा सीमित ठहरावों के साथ, केवल विशेष गाड़ियां चलाई जा रही हैं।

****

Sk